तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 जर्जर आंगनबाड़ी भवन में खेल रहे नौनिहाल, हादसे का खतरा





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## रामगढ़ पहाड़ का भाजपा की समिति ने किया निरीक्षण, पार्टी ने बनाई थी अध्ययन समिति

# राम को काल्पनिक मानने वाले कर रहे राम के नाम पर राजनीति : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/डांड़गांव

**खास बात**

- कांग्रेस और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव पर लगाया राजनीति करने का आरोप

एक्सटेंशन और ब्लास्टिंग से रामगढ़ पहाड़ी पर मंडरा रहे खतरे को लेकर गुरुवार को भाजपा की अध्ययन समिति रामगढ़ पहाड़ पहुंची। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री, विधायक व अन्य सदस्यों ने सीताबेंगरा गुफा, राम मंदिर का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के बाद समिति अपनी रिपोर्ट भाजपा को सौंपेगी लेकिन इस बीच जांच दल ने कांग्रेस और प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव पर राम के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया है इसके साथ ही समिति ने इस बात को पूरी तरह से नकार दिया है कि खदान खुलने या ब्लास्टिंग से रामगढ़ पर्वत को किसी प्रकार का कोई नुकसान होगा।

बता दें कि बता दें कि केते एक्सटेशन और कोयला खनन के लिए होने वाली ब्लास्टिंग से रामगढ़ पहाड़ी के अस्तित्व पर खतरा मंडराने का मुद्दा उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने रामगढ़ संरक्षण और संवर्द्धन समिति नाम के गैर राजनीतिक संस्था का गठन किया था और इस संस्था के बुलावे पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी रामगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ का निरीक्षण करने और लोगों से बातचीत करने के बाद इस गंभीर मुद्दे को उठाया था। रामगढ़ पहाड़ को लेकर जताई गई आशंकाओं के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रामगढ़ पहाड़ के अध्ययन हेतु एक समिति का गठन किया था। इस समिति में पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा के साथ ही विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी को शामिल किया गया था। बुधवार को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ ही पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी के साथ ही पूरी भाजपा की टीम रामगढ़ पहाड़ पहुंची। इस दौरान उन्होंने सीताबेंगरा गुफा से लेकर पहाड़ की चोटी पर स्थित राम मंदिर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आस पास के लोगों से बात की है। समिति इन सभी तथ्यों का संकलन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र हीं प्रदेश भाजपा को सौंपेगी।



निरीक्षण करते भाजपा द्वारा गठित जांच समिति के सदस्य।

### धार्मिक और पुरातात्विक महत्व का कोई हिस्सा संकट में नहीं: शर्मा

रामगढ़ पहाड़ी का निरीक्षण करने के बाद समिति के संयोजक और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि हम राम के भक्त है और राम को अपना आदर्श मानने वाले लोग है। राम को काल्पनिक मानने वाले लोग राम के नाम पर राजनीति कर रहे है। भाजपा सरकार के रहते क्षेत्र का कोई भी धार्मिक स्थल, पुरातात्विक महत्व का कोई भी हिस्सा संकट में नहीं रहेगा सरकार इसकी पूरी व्यवस्था करेगी कि सब कुछ सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2020 दूरी की रिपोर्ट कलेक्टर ने दी उस समय सरकार कांग्रेस की थी। टीएस सिंहदेव इस क्षेत्र के मंत्री थे, 2020 में दी गई रिपोर्ट का मुद्दा 2025 में क्यों उठाया जा रहा है यह सोचने वाली बात है। उन्हें यह मुद्दा तब उठाना चाहिए था जब वे मंत्री थे। उन्होंने कहा है कि केते एक्सटेंशन के बगल में एक कोल ब्लॉक पहले से चल रहा है, केते ब्लॉक की जो खुदाई होगी वह रामगढ़ पहाड़ और सीता बेंगारा से दूर होगी जबकि वर्तमान में जो खुदाई हो रही है वह पहाड़ के काफी नजदीक है। जब पहाड़ के नजदीक खुदाई होने पर 12-13 साल में कोई नुकसान नहीं हुआ तो दूर खुदाई होने पर कैसे खतरा होगा। जहां तक भू क्षरण की बात की जा रही है। बारिश के समय मिट्टी का स्वाभाविक रूप से क्षरण होता है। मुझे नहीं लगता कि जो दरार दिख रही है या मिट्टी बह रही है खनन के कारण है। शेष निरीक्षण की रिपोर्ट भविष्य में पार्टी को सौंपी जाएगी।

### किसी प्रकार का खतरा नहीं : राजेश

क्षेत्रीय विधायक और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने बताया कि मै स्वयं लगातार रामगढ़ आता रहा हूँ मुझे कोई परिवर्तन नहीं दिखता है। आस पास चल रहे किसी भी गतिविधि या उत्खनन से पहाड़ को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। रामगढ़ भारत की एतिहासिक धरोहर है इसके ऊपर किसी भी प्रकार का खतरा नहीं आने देंगे। हमारी सरकार इसके संरक्षण और विकास का कार्य करेगी।

### बाबा निभा रहे विपक्ष की भूमिका: रेणुका

विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि रामगढ़ विश्व के नक़्शे पर मौजूद है और हमारे सरगुजा और सरगुजावासियों की पहचान है। केते एक्सटेंशन पूर्व डिप्टी सीएम टीएस बाबा में कार्यकाल में दीया गया अब वे विपक्ष में है तो विपक्ष की भूमिका निभा रहे है। हम इसके महत्व को जानते है और इस क्षेत्र की जनता से वादा करते है कि रामगढ़, सीता बेंगरा और सभी धार्मिक और पुरातात्विक स्थल को कोई नुकसान नहीं होगा।

### पैदा किया जा रहा विवाद और भ्रम : अखिलेश

भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया कि भाजपा की समिति सभी पहलुओं का अध्ययन कर रही है। केते एक्सटेंशन की दूरी को लेकर विवाद और भ्रम पैदा किया जा रहा है। आरोप लगाने वाले समूह के मुखिया टीएस सिंहदेव व आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जब विपक्ष में आ गए तो दूरी को लेकर बयान बाजी कर रहे है। राम की आस्था को लेकर सरगुजा वासियों को भाजपा और उसकी सरकार पर भरोसा है।

### जांच समिति कर रही राजनैतिक मुद्दा बनाने का प्रयास

रामगढ़ पहाड़ के निरीक्षण उपरान्त पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव पर किए गए हमले और आरोपों को लेकर प्रतिक्रिया आई है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा है मैं इस मामले को राजनैतिक रंग देने के बजाय पूरी तरह गैर



राजनैतिक पहल कर रहा हूँ, इसी उद्देश्य से मैंने भाजपा द्वारा गठित जांच कमेटी के सदस्यों से उनके जांच के पहले संपर्क कर सरगुजा की जनभावनाओं का ख्याल रखने का निवेदन किया था लेकिन जांच कमेटी के सदस्यों और भाजपा के अन्य नेताओं के इस बयान पर की केते एक्सटेंशन खदान की कलेक्टर से अनुमति 2020 में हुई थी, उस समय कांग्रेस की सरकार थी और टीएस सिंहदेव केबिनेट मंत्री थे, ऐसा कह जांच कमेटी ने इस गैर राजनीतिक मुद्दे को राजनीतिक बनाने का प्रयास किया है। जांच समिति के सदस्यों को अगर मेरा नाम ही लेना है तो यह भी बताएं कि मेरे विधायक रहते और मेरे विरोध के बाद इस क्षेत्र में पेड़ की एक डंगाल तक नहीं कटा, जबकि मेरे चुनाव हारते प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आते 5 दिनों के अंदर जंगल कटने लगे, भाजपा के लोगों को यह भी बताना चाहिए कि मेरे कार्यकाल में ही इस क्षेत्र में नये खदान का प्रस्ताव निरस्त हुआ। भाजपा के लोगों को यह भी बताना चाहिए कि रामगढ पर्वत के संरक्षण और क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के प्रयास में मेरे ही कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की विधानसभा ने केंते एक्सटेंशन खदान को निरस्त करने का संकल्प पारित किया गया। अगर गलत सर्वे के आधार पर खदान को चालू करने का अनापत्ति पूर्व या वर्तमान के किसी अधिकारी ने दिया है तो उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पड़ौली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 12 सितम्बर को विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम बकनाकला में आयोजित किया जाना था। अपरिहार्य कारणों से अब यह शिविर ग्राम पड़ौली में 12 सितम्बर को आयोजित होगा। कलेक्टर ने जन समस्या निवारण शिविर में जिले के समस्त विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख को अनिवार्यत उपस्थित रहकर पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन करने कहा है।

### आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्यशाला आज

**बलरामपुर।** संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य नोडल एजेंसी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिलों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है, जिसके अंतर्गतएक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में 12 सितम्बर को समय प्रातः 10.30 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बलरामपुर के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यशाला में आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदन कार्ड पंजीयन सहित अन्य संबंधित विषयों पर तथा योजना के क्रियान्वयन व प्रगति के संबंध में चर्चा की जाएगी। जिसमें जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों के प्रभारी एवं आयुष्मान मित्र शामिल होंगे।

### छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 13 को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज द्वारा प्रतिमाह होने वाली मासिक बैठक कार्यक्रम को नया आयाम देते हुए निर्धारित तिथि माह के दूसरे शनिवार 13 सितंबर की सुबह 10 बजे से सियान सदन भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है। शिविर में शहर के निजी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा तथा सलाह दी जाएगी। स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत एवं अध्यक्षता ननि सभापति हरमंदिर सिंह टिन्नी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में करताराम गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, रविन्द्र भारती उपस्थिति प्रदान करेंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों के रूप में डां. स्नेहा सिंह स्त्री रोग, डॉ. विनय कार्तिक हड्डी रोग, डॉ. सूरज, एम राठिया न्यूरो सर्जन, डॉ. देवांगन पाल चौधरी जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं एम मेडीसन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है।छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने सभी पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं कहा है।

### आपदा प्रबंधन के लिए टेबल टॉप बैठक 23 को

**बलरामपुर।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य एवं जिलों में बाढ़ आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने सीएसएसआर बाढ़ बचाव परिदृश्य पर 23 सितंबर को टेबल टॉप एक्सरसाइज तथा 25 सितम्बर को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अपर कलेक्टर आरएन पांडेय व जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार कठुतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नेपाल में भड़की हिंसा के बीच फंसे शहर के पांच युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पशुपतिनाथ दर्शन करने गए थे कार से, कैबिनेट मंत्री की पहल पर लौट रहे वापस

नेपाल में चल रहे हिंसा और तत्खा पलट के बीच शहर के पांच युवा भी नेपाल में फंसे हुए है। तनावपूर्ण स्थिति, विरोध प्रदर्शन और आगजनी जैसी घटनाओं के बीच युवाओं के फंस जाने से परिजन की चिंता बढ़ गई है। अच्छी बात यह है कि समय रहते कैबिनेट मंत्री की पहल पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली तक पहल की और फिलहाल सभी युवा सुरक्षित है। युवाओं को वापस भारत लाने का प्रयास जारी है और गुरुवार की दोपहर तक भारत की सीमा तक पहुंच गए थे।

बताया जा रहा है कि शहर के सदर रोड निवासी मोहित जिंदल अपने चार दोस्तों अनमोल अग्रवाल, अम्बर जैन, वेदप्रकाश पाण्डेय, शंभू सरदार के साथ 3 सितम्बर को कार से नेपाल गया हुआ था। पशुपतिनाथ के दर्शन और घूमने के लिए नेपाल गए युवक काठमांडू में थे इसी दौरान नेपाल में जेन जी प्रदर्शन के कारण अराजक स्थित उत्पन्न हुई। नेपाल में हिंसक झड़प, आगजनी जैसी घटनाओं के कारण सरगुजा के पांचों युवा नेपाल में ही फंस गए थे। मोहित जिंदल के बड़े भाई शुभम अग्रवाल ने बताया कि युवाओं ने नेपाल की स्थिति खराब होने के बाद परिजन को इसकी जानकारी दी जिसके बाद परिजन ने कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने सीएम को घटना की जानकारी दी जिसके बाद सीएम के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने दिल्ली में दूतावास को मामले की जानकारी दी। मंत्री श्री अग्रवाल ने स्वयं युवाओं से बात कर उनका हाल चाल जाना वहीं दूतावास से भी युवाओं से संपर्क किया गया और उनके हालात का जायजा लिया। अब बताया जा रहा है कि पांचों युवक सड़क मार्ग से ही वापस भारत लौट रहे है और गुरुवार की दोपहर तक सभी युवक भारत की सीमा पर पहुंच गये थे।

### सुरक्षित हैं सभी युवा

पांच लोगों के नेपाल में फंसने की जानकारी मिली थी। मैंने सीएम को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पहल की गई। एम्बेसी से उनके पास फोन गया था। सभी युवा सुरक्षित है और एक दो दिन में वापस आ जाएंगे।

-राजेश अग्रवाल
मंत्री छग शासन


## आबकारी कार्यालय में आरक्षकों ने उप निरीक्षक से की मारपीट, बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिला आबकारी अधिकारी से की गई शिकायत, अब तक नहीं हुई कार्रवाई

बलरामपुर जिले का आबकारी विभाग इन दिनों अखाड़ा बन गया है। आलम यह है कि कर्मचारी अपने ही अधिकारी को कार्यालय में बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट कर रहे है। इससे भी बड़ी बात तो यह है की इस मामले में कार्रवाई करने के बदले विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे है और शाम के समय कोई काम नहीं करने की बात कह रहे है।

बता दें कि बलरामपुर जिला आबकारी कार्यालय में उपद्स्थ उप निरीक्षक नीरज साहू ने जिला आबकारी अधिकारी को एक शिकायत दी है। इस शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि 8 जुलाई को आबकारी मुख्य आरक्षक गिरिजा शंकर शुक्ला और धर्मजीत



राम शर्मा ने मारपीट की और उन्हें बंधक गया। शिकायत में बताया है कि जब उन्होंने गिरिजा शंकर शुक्ला और धर्मजीत राम से बिना किसी सूचना के 5 जुलाई को अनुपस्थित रहने का कारण पुछा तो वे भड़क उठे और तेज आवाज में विवाद अक्रते हुए कॉलर पकड़कर मारपीट की। इस दौरान उनके कपड़े का बटन टूट गया जबकि उनके शरीर पर चोट लगी। इस दौरान अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया लेकिन जब वे आबकारी नियंत्रण कक्ष से बाहर निकलने लगे तो दोनों ने दरवाजा बंद कर दिया और उन्हें बंधक बनाकर रखा गया। जब उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला। अब आबकारी उप निरीक्षक नीरज साहू ने जिला आबकारी अधिकारी से दोनों मुख्य आरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है लेकिन इस घटना ने आबकारी विभाग और इसके जिला अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए है। जिले में आबकारी विभाग के खिलाफ आए दिन शिकायतें मिलती रहती है लेकिन अब आबकारी के कर्मचारी इस कदर मनमानी कर रहे है कि अपने ही अधिनस्त अधिकारी को बंधक बनाकर मारपीट की जा रही है। इन कर्मचारियों पर जिला आबकारी अधिकारी का कोई नियंत्रण भी नहीं है। इससे भी अधिक हैरान करने वाली बात तो यह है कि दोषियों पर कार्रवाई करने के बदले आबकारी अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास करते नजर आए और जब उनसे जानकारी मांगी गई तो शाम को बात नहीं करने का हवाला देकर फोन काट दिया गया, जब अधिकारी शाम होने के बाद काम करना बंद कर दें और जवाब देने की स्थिति में ना हो तो ऐसे में विभाग की कार्यशैली का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### रात को नहीं करता बात

मै रात के समय बात नहीं कर सकता, अगर आपको जानकारी चाहिए तो सुबह में आकर कार्यालय से जानकारी ले सकते है। मुझे घटना की जानकारी नहीं है।

-सत्यनारायण साहू
जिला आबकारी अधिकारी

### सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी सीमा मिंज पति मथला (40 वर्ष) पटना स्थित एक होटल में काम करती थी। बीती रात होटल में जमीन पर सो रही थी तभी जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की जानकारी लगने पर महिला को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सास की हत्या के मामले में बहू को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में बुधेश्वरी पैकरा को अपनी सास दौनी पैकरा की हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त तीन माह का कारावास भुगतना होगा।

यह मामला 13 फरवरी 2021 का है, जब जिले के शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम जारगीम बहासटोला में घरेलू विवाद के दौरान बुधेश्वरी और उसकी सास दौनी पैकरा के बीच झगड़ा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शी एवं मृतिका के पुत्र बनसाय पैकरा के अनुसार विवाद के दौरान बुधेश्वरी ने टांगी के बेत और जलाऊ लकड़ी से अपनी सास दौनी पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। 14 फरवरी को जब मृतिका किसी गतिविधि में नहीं दिखीं तो परिजन ने शंका होने पर पुलिस को सूचना दी। थाना शंकरगढ़ में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के बाद बुधेश्वरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने निर्णय में कहा कि आरोपी 14 फरवरी 2021 से न्यायिक अभिरक्षा में है और यह अवधि उसकी सजा में समायोजित की जाएगी। निर्णय सुनाते हुए न्यायाधीश डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि केस की परिस्थितियों को देखते हुए किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति का आदेश उपयुक्त नहीं है। यह फैसला पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### एसएसपी ने ली जिले के अधिकारियों की बैठक

## म्यूल अकाउंट और पीओएस के लंबित मामलों का किया जाए निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में कानून व्यवस्था, लंबित अपराधों के निराकरण सहित अन्य विषयों को लेकर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। इसी दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने थानावार लंबित अपराध, चालान, शिकायत, मर्ग की जानकारी को लेकर थाना-चौकी प्रभारियों से जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि म्यूल अकाउंट एवं पीओएस के लंबित मामलों त्वरित निराकरण किए जाए। विवेचक अनावश्यक ही प्रकरणों को लंबित ना रहे। इसके साथ ही एसएसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि थाना-चौकी प्रभारी अधिक से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई करे। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालयों के लंबित सभी पत्रों का 5 दिवस के भीतर जवाब देने हेतु निर्देशित। एसपी ने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय के लंबित अपराधों का शीघ्र निकाल किया जाए और प्रगति रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाए। बैठक के दौरान एसएसपी ने थाना-चौकी प्रभारियों को अधिक से अधिक



कोटपा एक्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई/ लघु अधिनियम की कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नवीन कानून में दिये दिशा-निर्देशों के अनुसार लंबित सभी अपराधों का नियत समय में निराकरण किया जाए। ऐसे मामले जिनमें दो या तीन माह के भीतर अनुसंधान पूर्ण किया जाना हो, थाना प्रभारी ऐसे मामलों में अभियोजन पत्र तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के समयावधि में 10 दिवस के पूर्व ही विधिक समीक्षा सुनिश्चित करें। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, थाना प्रभारी मणीपुर अश्वनी सिंह, स्टेनो फबियानुस तिर्की, रीडर अमित पाण्डेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### नाबालिगों के हाथ न दें गाड़ी : एसपी

शहर में फर्राटे भर रहे नाबालिग बच्चों के खतरनाक स्टंट पर अब पुलिसियां लगाम कसने की तैयारी चल रही है। लोगों को भयभीत कर देने वाला बाईकर्स गैंग, स्टंट बाज नाबालिग वाहन चालकों ने पुलिस को कड़ी कार्रवाई के लिए विवश कर दिया है। सरगुजा एसपी राजेश अग्रवाल अपने पुलिस अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया है कि ऐसे स्टंटबाज नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करें। उनकी गाड़ियां जब्त की जाए। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को कहा है कि सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों की बैठक बुलाकर उन्हे समझाइश दें ताकि किसी भी सूरत में नाबालिग बच्चे दोपहिया वाहन से स्कूल ना आएं अन्यथा पुलिस ऐसे बच्चों के वाहन को जब्त करेगी। पुलिस ने अभिभावकों से भी आग्रह किया है कि अपने नाबालिग बच्चों को वाहन ना दे। इसके बाद भी यदि स्कूल प्रबंधन बच्चों को दोपहिया वाहन लाने पर प्रतिबंधित नहीं कर पा रहे तो फिर पुलिस वाहन जब्ती करेगी।

## गर्भवती महिला पर भालू ने किया हमला प्रसूता ने एंबुलेंस में दिया स्वस्थ शिशु को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महेंद्रगढ़ ब्लॉक के बिहारपुर पंचायत के ग्राम छिरछा निवासी शांति बाई पति ब्रम्हा नंद (30 वर्ष)10 सितंबर की सुबह घर से महज कुछ दूर खेत की ओर गई थी। इस दौरान भालू ने गर्भवती महिला पर हमला कर घायल कर गंभीर रूप से चेहरे को नोंच लिया। इधर महिला किसी तहर भालू से जान बचाकर घायल अवस्था में घर पहुंची। महिला की हालत को देख परिजन ने तत्काल उसे निजी वाहन से मनेंद्रगढ़ अस्पताल में दाखिल किया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। महिला को



परिजन 108 से रायपुर लेकर जा रहे थे तभी मडई के पास प्रसव पीड़ा होने पर ईएमटी -सत्येंद्र सिंह एवं पायलेट खेल साय ने रात्रि 9.11 बजे महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद घायल महिला एवं नवजात शिशु को सुरक्षित रूप से मेकाहारा रायपुर में भर्ती कराया गया है। शिशु स्वस्थ हैं एवं महिला की प्लास्टिक सर्जरी के लिए भर्ती कराया गया है।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय में वृहद लोक अदालत कल




**मनेन्द्रगढ़।** 13 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मनेन्द्रगढ़ में वृहद लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के वादों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर कराया जाएगा। लोक अदालत के साथ ही न्यायालय परिसर में आरटीओ कैम्प भी लगाया जाएगा। इसमें इच्छुक नागरिकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस एवं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। न्यायालय प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित प्रकरणों का निपटारा कराएं और आरटीओ सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

### मनेन्द्रगढ़ में व्यावसायिक परिचर्चा 14 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज जिला एमसीबी द्वारा जिले में नवीन उद्योगों की सम्भावनाओं तथा राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में दी गई छूट एवं सुविधाओं पर आधारित ईएमएसएमई समिट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले, संयुक्त संचालक उद्योग संचालनालय शिवकुमार राठौर, एसईसीएल हसदेव एरिया के सीजीएम उमेश शर्मा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड जगदीश राय एवं बीपीसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन 14 सितंबर को सायं 4 बजे से विमल श्री टॉकीज रिंग रोड में किया जाएगा।

### जाति प्रमाण पत्र में तेजी लाने प्रधान पाठक की बैठक

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने विकासखंड सोनहत में शिक्षा सुधार और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से प्रधान पाठक एवं विद्यालय प्रबंधन की बैठक का आयोजन किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सोनहत में आयोजित इस बैठक के दो चरणों में विभाजित किया गया। प्रथम चरण में दोपहर 12 बजे से संकुल प्राचार्य, सीएसी और माध्यमिक शाला प्रधान पाठक शामिल हुए, जबकि द्वितीय चरण में दोपहर 2 बजे प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों की बैठक हुई।

### ग्रामीणों ने सुधार की मांग की, सुशासन तिहार में भी दिए थे आवेदन

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन में खेल रहे नौनिहाल, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/सोनहत

कोरिया जिले में स्कूल आंगनबाडी केन्द्रों के नए सत्र में खुलने के पूर्व ही यह सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूल भवनों का मरम्मत करा लिया जाए, जर्जर भवन में किसी भी हालत में स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन नहीं किया जाए ,लेकिन इस आदेश का पालन भी कई जगहों पर नहीं हो रहा है।

इसी तरह का हाल कोरिया जिले के सोनहत जनपद मुख्यालय के पण्डोपारा में संचालिन आंगनबाड़ी केन्द्र का है, जहां राज्य सरकार की संरक्षित विशेष जनजाति पण्डो के बच्चे जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंच रहे हैं, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। जानकारी के अनुसार सोनहत के पण्डोपारा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर हो गया है और इस बारिश में छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, बावजूद आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है। इस तरह की लापरवाही छोटे बच्चो के जान के लिए खतरा प्रतिदिन बना हुआ है तथा इस केन्द्र में कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।

**जर्जर आंगनबाड़ी...**








गिर रहा प्लास्टर।

### कई केन्द्रों की स्थिति ठीक नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद ही नहीं बल्कि कोरिया जिले के कई अन्य जगहों पर आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर हो गए हैं। भवन के छत का प्लास्टर टूट कर गिर रहा है, इसे देखते हुए जिले के कई स्थानों पर बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जर्जर भवन को छोड़कर दूसरे जगहों पर संचालित किए जा रहे हैं, लेकिन जनपद मुख्यालय सोनहत के पण्डोपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में भवन के जर्जर होने के बावजूद दूसरी जगह वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बना कर जर्जर भवन के आंगन में केन्द्र का संचालन किया जा रहा है, इससे कभी भी नौनिहालों की जान खतरे में पड़ सकती है।

### अधिकारी नहीं देते ध्यान

महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते पण्डोपारा में जर्जर भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो रहा है, इससे कभी भी पण्डो जनजाति के नौनिहालों की जान खतरे में पड़ सकती है, बावजूद इसके विभागीय अधिकारी क्या केन्द्रों का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे, यदि अधिकारी निरीक्षण पर पहुंचते हैं और भवन की खराब स्थिति के बाद भी आंगनबाड़ी केन्द्र का ऐसे जगह पर संचालन हो रहा है तो विभागीय अधिकारियों की घोर लापरवाही है। इस पर विभाग के जिम्मेदार को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

## पत्नी को लाठी-डंडे से पीटता रहा पति, सुबह हुई मौत

**नागपुर।** एमसीबी जिले के नागपुर क्षेत्र से 5 किमी दूर ग्राम सरभोका चेरवापारा में बुधवार की शाम घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। गांव की कौशल्या चेरवा उम्र 40 वर्ष को उसके पति राम चेरवा उम्र 45 वर्ष ने खाना नहीं बनाने की बात पर बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।



आरोपी।

- नवीन हाईवे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जानकारी के अनुसार आरोपी राम चेरवा बुधवार शाम 4 बजे घर आया और मामूली विवाद को लेकर पत्नी को लाठी-डंडे से मारने लगा। यह मारपीट देर रात तक जारी रही। 17 वर्षीय और 12 वर्षीय बच्चे अपनी मां को बचाने के लिए पिता को रोकते रहे, लेकिन आरोपी नहीं माना और लगातार पिटाई करता रहा। रातभर घायल अवस्था में पड़ी रही कौशल्या की सुबह मौत हो गई। सूचना मिलते ही नवीन हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टरों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज किया। गुरुवार को आरोपी को मनेन्द्रगढ़ न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया।

### नशे में स्कूल में घुसा युवक शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**नागपुर।** चिरमिरी रोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सेंधा में शुक्रवार दोपहर कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। सहायक शिक्षक मनीष कुमार बच्चों को पढ़ा रहे थे, तभी सेंधा निवासी अनिरुद्ध प्रसाद साहू शराब के नशे में धुत होकर स्कूल में घुस आया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए शिक्षक से हाथापाई की। घटना की सूचना मिलते ही नवीन हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी शेषनारायण सिंह दलबल समेत मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। उल्लेखनीय है कि महज दस दिन पहले भी आरोपी ने अपने भाई व राहगीर बंगाली दादा चक्रवर्ती के साथ मारपीट की थी। उस मामले में भी पुलिस ने आरोपी पर धारा 296, 115 (2), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा था। हाल ही में जमानत पर छूटने के बाद आरोपी ने फिर से उपद्रव किया और अब दोबारा जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया।

## प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की नाकाम कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिव मंदिर में बीती आधी रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन उनकी साजिश असफल रही। यह मंदिर बस स्टैंड एनएच-43 के समीप स्थित है और क्षेत्र के श्रद्धालुओं के बीच विशेष धार्मिक महत्व रखता है।

- नाग देवता व जल चढ़ता कलश सुरक्षित, श्रद्धालुओं में आक्रोश

जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर रात में मंदिर परिसर में दाखिल हुए और नाग देवता व शिवलिंग पर स्थापित जल चढ़ता कलश को चुराने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ स्थानीय नागरिकों ने चोरों को देखा। मौके पर पकड़े जाने के डर से चोर नाग देवता व कलश वहीं छोड़कर भाग निकले।

सुबह श्रद्धालुओं को घटना की जानकारी होते ही उन्होंने तत्काल चरचा थाना को सूचना दी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है तथा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद श्रद्धालुओं ने



शिव मंदिर जहां घटना हुई।

विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर पुनः नाग देवता व जल चढ़ता कलश स्थापित किया। इस घटना से क्षेत्रवासियों में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंदिर परिसर में रखे नाग देवता व कलश का धार्मिक और भावनात्मक महत्व अत्यधिक है।

इस कारण यह कृत्य आस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। थाना प्रभारी ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं।

## 25 लाख की सीसी सड़क पर सवाल

### ठेकेदार पर मनमानी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

नगरपालिका परिषद बिजुरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 खूंटाटोला में लगभग 25 लाख की लागत से बनाई जा रही सीसी सीमेंट कंक्रीट सड़क की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने ठेकेदार पर मनमानी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है।



दादू पाव के घर से शाहिद के बाड़ा तक बन रही इस सड़क को लेकर वार्डवासियों में भारी असंतोष है। उनका आरोप है कि ठेकेदार निर्माण कार्य में लापरवाही बरत रहा है और सीमेंट तथा रेत का सही अनुपात नहीं रखा जा रहा, इससे सड़क की मजबूती पर संदेह पैदा होता है। वार्ड के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि जहां गड्ढ़ों को बोल्डर और पत्थरों से भरा जाना चाहिए, वहां बांस की जड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह की लापरवाही से सड़क की टिकाऊपन पर सीधा असर पड़ेगा। इस मामले पर नगरपालिका परिषद बिजुरी के जिम्मेदारों का ध्यानाकर्षित कराते हुए नाराज वार्डवासियों ने निर्माण कार्य की तुरंत जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

## अवैध शराब बेचने वाला गया जेल

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी पर सख्ती से कार्रवाई करने आबकारी विभाग को निर्देशित किया है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला सहायक आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा एवं उनकी टीम ने पटना थाना क्षेत्र सरभोका में पूरी दबिश के साथ 10 सितंबर को लल्लू राम के घर छापेमारी की, मौके पर लल्लू राम के घर से 8 लीटर महुआ शराब प्लास्टिक के बोतलो में भरी हुई मिली।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लल्लू राम द्वारा अवैध शराब बिक्री का काम किया जा रहा था। आरोपी के विरूद्ध छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) की तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जिला न्यायालय बैकुंठपुर में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायाधीश द्वारा 14 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया। पोड़ी बचरा क्षेत्र में ग्राम गेजी के पन्ना लाल और पटना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया के केदारराम बरगाह, पुटा के राजू तेली, महोरा के सुरेन्द्र कुमार, कसरा के देवानंद और विफइया को अवैध शराब की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

**Name Change**

I Shiv Kumar S/o Surendr Kumar, Residnet of Village-Khala (Sadakpara), Post-Karji, Thana & Tehsil-Darima, Dist.-Surguja (C.G) here-by declare that have changed my name from Shiv Kumar S/o Surendr Kumar to Shiv Kumar Toppo S/o Surendra Toppo in all the Government approved Identity proofs to be used for various purposes in the fruture.

Deponent
Shiv Kumar Toppo
S/o Surendra Toppo
Address: Post-Karji, Thana & Tehsil-Darima, Dist.-Surguja (C.G.)

## अब पहले की तरह शनिवार को संचालित होंगे स्कूल

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने शनिवार को शाला संचालन की वर्षो पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए सामान्य दिनों की तरह ही शनिवार को भी प्रातः 10 से अपरान्ह 4 बजे तक शाला संचालन के आदेश जारी किए गए थे, इसके बाद शिक्षक संगठनों के विरोध के बाद एक माह पश्चात पुनः पुरानी समय को बहाल करने का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा ने जारी किया।

इस आदेश के पालन में अब कल शनिवार को जिले के सरकारी विद्यालय प्रातःकाल के समय में संचालित होना फिर शुरू हो जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चालू शिक्षा सत्र के शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया।

इसमें यह उल्लेख था कि प्रत्येक शनिवार को विद्यालय सामान्य दिनों की तरह सुबह 10 बजे से अपरानह 4 बजे तक संचालित करने का उल्लेख था। इसमें दूसरे व चौथे शनिवार बैगलेस डे की गतिविधि करानी थी। इसका पालन जिले के कई विद्यालय करना शुरू कर दिए थे, लेकिन कुछ विद्यालय शनिवार को भी पुरानी व्यवस्था के हिसाब से सुबह के समय स्कूल का संचालन कर रहे थे, इस संबंध में हरिभूमि ने खबर का प्रकाशन भी किया था कि जिला मुख्यालय के ही कुछ बड़े विद्यालय शनिवार को पूर्व की व्यवस्था के अनुसार सुबह 7:30 बजे से स्कूल का संचालन कर रहे हैं, वहीं अधिकांश विद्यालय प्रातः 10 बजे से स्कूल का संचालन कर रहे हैं। शिक्षक संगठनों द्वारा शनिवार को व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर विरोध किए, इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्षो पुरानी व्यवस्था के तहत सुबह के समय शनिवार को स्कूल संचालन का आदेश जारी कर दिया।

### अमृत महोत्सवः रक्तदान का महाअभियान 17 को

**मनेन्द्रगढ़।** अभा तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन 17 सितंबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504020700127**
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2024-2025
गंगापुरखुर्द प.ह.न.00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-राजु कुजूर, अनावेदक पक्षकार-कोई नहीं,

**ज्ञापन**

आवेदक राजु कुजूर आ. मंगलू, निवासी गंगापुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 299/55, 299/56 रकबा 0.005, 0.019 हे. के भूमि के राजस्व रिकार्ड में पूर्व में आवेदक का नाम दर्ज था, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश आवेदक का नाम दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में जॉचकर प्रतिवेदन मय पंचनामा सहित सुनवाई दिनांक 26/9/25 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 2/9/25 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील- अम्बिकापुर

**सरगुजा मार्केट**

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 7354260555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरखपथ, अम्बिकापुर

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

**TOP IN SURGUJA**

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo HOSPITALS BILASPUR
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।

विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज

विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।

चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**बिश्रामपुर।** नर्सिंग काउन्सिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है,उक्त कॉलेज के 10 विद्यार्थी उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं। रिंकी राजवाड़े, अंजु सोनी, शालिनी एक्का, राजकुमारी राजवाडे, अनिमा बेक, पूनम प्रजापति, दीपेश, अलका टोप्पो, विभा एवं विनिता ने उत्कृष्ठ अंक प्राप्त कर अपने उत्कृष्ठ प्रदर्शन से कॉलेज और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के संचालक विजयराज अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2014 में वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग की शुरुआत की गई थी तभी से नए उंचाईयों को स्पर्श कर रहा है। उन्होंने बताया कि वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग से उत्तीर्ण उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं को नर्सिंग कालेज में ट्यूटर के पद पर नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। संस्था के प्राचार्य आदित्य सिंह ने कहा कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।

### स्कूली बच्चों को दी गई आयुर्वेदिक औषधि की जानकारी



**सोनगरा।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत श्याम नगर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद औषधी के संबंध में जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य एवं आयुष केंद्र सोनगरा के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह ने आयुर्वेद एवं योग, प्राणायाम के दैनिक जीवन में उपयोगिता, रोग प्रतिरोधक घरेलु औषधि अदरक, तुलसी, कालीमिर्च, पीपली, आमला, हरितकी, बहेड़ा, गिलोय, एलोवेरा, लेमनग्रास, अश्वगंधा, शतावारी, अशोक आदि औषधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. निकिता टोप्पो ने आयुरविद्या से सम्बंधित सभी विषयों जैसे दिनचर्या, रात्रिचार्य, ऋतुचार्य, आहार विहार, सदवृत के बारे में बताते हुए छात्र छात्राओं को आयुर्वेद के महत्ता को बताया। इसी बीच स्वास्थ्य जागरूकता नवाचार के तहत स्वास्थ्य जागरूकता सांप सीढ़ी खेल के आयोजन में 9वीं एवं 10 वीं के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य प्रदीप जायसवाल, व्याख्याता अजय कुमार पटवा, लीलाधर नायक, सुचित्रा सिंह, कलिस्ता तिर्की, एमपी डब्लू. तुलेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शिव पार्क में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस दी गई श्रद्धांजलि



**सूरजपुर।** शिव पार्क में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के स्मृति में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी पंकज कुमार कमल द्वारा वन विभाग के शहीद कर्मचारियों के फोटो में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पण किया गया। वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि प्रतिवर्ष 11 सितम्बर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने सन 2013 में इस दिवस को राष्ट्रीय वन शहीद के रूप में मनाना प्रारंभ किया गया था। वृक्षों की रक्षा के लिए लोगों ने अपना बलिदान किया था। सन 1730 में राजस्थान के बिश्नोई संप्रदाय के 363 महिला एवं पुरूषों द्वारा खेजड़ी के वृक्षों से लिपटकर अपने प्राण त्याग दिए किंतु वृक्षों को नहीं काटने दिए। इस आंदोलन का नेतृत्व अमृता देवी बिश्नोई ने किया था।। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी उमेश कुमार वस्त्रकार, परिक्षेत्र सहायक रमेश सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार जायसवाल, हुबलाल यादव, राजाराम यादव, महेन्द्र प्रसाद सहित वन परिक्षेत्र के समस्त कर्मचारियों द्वारा शिव पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



धरना-प्रदर्शन में शामिल एनएचएम कर्मचारी।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे हड़ताल

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 25 वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- मांग पूरा नहीं होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 25 वें दिन भी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। गत दिन भी कर्मचारियों ने जल सत्याग्रह कर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। लंबे समय से कर्मचारियों के धरने पर बैठे रहने से अब अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने लगी है बावजूद इसके कर्मचारियों की मांग पर आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी जिससे कर्मचारी आंदोलन का वृहद रूप देने की तैयारी में है।

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी पिछले माह 18 अगस्त से हड़ताल पर है। ऐसे में एनएचएम के चिकित्सक, मनोरोग विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य संविदा कर्मियों के धरना प्रदर्शन करने से अब अस्पताल की व्यवस्था चरमराने लगी है। पीएचसी हो या सीएचसी के अलावा जिला अस्पताल के साथ अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही है। शहर में मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित कई निजी अस्पताल होने के कारण लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति गंभीर है। अस्पताल आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल को शुरू हुए आज 25 दिन हो गए। इस बीच जिले के एनएचएम के सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करने के साथ ही शहर में भीख मांगकर, खून से पत्र लिखकर, चुनरी यात्रा और सामूहिक इस्तीफा देने तथा जल सत्याग्रह कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया लेकिन इसका भी असर नहीं हो सका। धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से प्रदर्शन कर रहे है। इसके पूर्व कई बार शासन को ज्ञापन दिया जा चुका है। अब एक तरफ सरकार वार्ता कर रही है और दूसरी ओर अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। मांग पूर्ण नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**मरीजों की बढ़ी परेशानी**

एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शासकीय अस्पतालों के ताले लगे हुए हैं। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भीड़ लगातार बढ़ रही है। चिकित्सक के नहीं होने तथा मरीजों की जांच नहीं होने मरीज सहित परिजन की परेशानी काफी बढ़ गई है। ऐसे में परिजन मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल या निजी अस्पताल ले जाने को मजबूर है।

# डेढ़ साल में कछवारी नाले की पुलिया क्षतिग्रस्त कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



क्षतिग्रस्त पुलिया।

दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम कछवारी में मनरेगा के तहत निर्मित पुलिया डेढ़ साल में ही ढहने की कगार पर पहुंच गई है। पुलिया की जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

ग्राम खोहिर के बीच से एक पहाड़ी नाला गुजरता है। बारिश होने पर नाला में पहाड़ों का पानी पहुंचने पर बस्ती में पहुंचना मुश्किल हो जाता था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत ने वर्ष 2023 में मनरेगा के तहत नाले पर पुलिया का निर्माण कराया था। पुलिया बनने के बाद ग्रामीणों को नाले के पानी के बीच से गुजरने की समस्या समाप्त हो गई। अब न केवल ग्रामीण बल्कि ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन भी गांव तक आसानी से पहुंच रहे है। पुलिया निर्माण के लिए दोनों तरफ ईंट की दीवार खड़ी कर स्लैब की ढलाई की गई थी। एक पखवाड़े पूर्व हुई भारी बारिश के दौरान नाले के तेज बहाव में पुलिया की एक दीवार बह गई साथ ही किनारे की मिट्टी भी कट गई है। ऐसे में क्षतिग्रस्त पुलिया के कभी भी गिरने की संभावना जताई जा रही है। खतरनाक बन चुकी पुलिया से ट्रैक्टर सहित अन्य चार पहिया वाहनों का आवागमन होने के कारण ग्रामीण गंभीर हादसा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। पुलिया के गिरने से आवागमन बंद होने की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं तथा लगातार सरपंच-सचिव से क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है इस बड़ी समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधि उदासीन बने हैं तथा क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने की पहल नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीण सरपंच सचिव पर गुणवत्ताहीन पुलिया निर्माण करने का भी आरोप लगा रहे हैं।

इस संबंध में ओड़गी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलेश कुमार सोनी ने बताया कि पुलिया निर्माण की जांच कराने के साथ ही उसकी मरम्मत कराने की पहल तत्काल की जाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में सेंधमारी, एक लाख की चोरी

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में दतिमा चौक से पूर्व लक्ष्मणपुर ग्राम स्थित प्रिंस इलेक्ट्रॉनिक्स के साइड की दीवार में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंध मारकर दुकान के काउंटर में रखा 35 हजार रुपये नगद लैपटॉप सहित दुकान में विक्रय के लिए रखे कई सामानों को पार कर दिया है। चोरी किये गए नगदी सहित सामानों की कीमत एक लाख रुपये के करीब बताई गई है।

दुकान संचालक रमेश गुप्ता की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4),305 के तहत केस दर्ज किया है,पुलिस में दर्ज कराए शिकायत में दुकान संचालक रमेश गुप्ता ने बताया कि बिश्रामपुर भटगांव मार्ग में नितिन फ्यूल पेट्रोल पंप के कुछ दूरी पर उनकी प्रिंस इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम की दुकान है,बुधवार की शाम सात बजे के करीब वह दुकान बंद कर अपने शिवनंदनपुर स्थित घर आए थे,दूसरे दिवस जब वह दुकान खोलने प्रातःनौ बजे पहुंचे तो पाया कि दुकान के साइड दीवार में अलग अलग दो जगहों पर सेंध मारी हुई है और दुकान का सामान जहां तहां बिखरा पड़ा हुआ है,भीतर जाकर देखने पर काउंटर में रखा 35 हजार नगद लैपटॉप सहित 20 बंडल कॉपर वायर,स्टार्टर, कूलर,दो नग गद्दा,वाटर हीटर सहित अन्य सामान चोर अपने साथ ले गए हैं,साथ ही चोर दुकान में लगे सीसी टीवी का डीबीआर भी अपने साथ ले गए,दुकान संचालक रमेश गुप्ता ने बताया कि दुकान के बाहर एक लाल रंग की टोपी पड़ी मिली है, उसने पुलिस को कुछ संदेही युवकों के घटना में शामिल होने की आशंका जताई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एसईसीएल प्रबंधन व श्रमिक यूनियन नेताओं की 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में मंगलवार को श्रमिक नेताओं और प्रबंधन के बीच एक अहम बैठक हुई,यह बैठक महामंत्री कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा द्वारा सौंपे गए 17 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा के लिए बुलाई गई, बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने की,बैठक में बलरामपुर खदान को अस्थाई बंद करने पर आपत्ति जताते हुए श्रमिकों ने कहा कि यहां 30 लाख टन से अधिक कोयले का भंडार उपलब्ध है,खदान में लंबे समय से काम कर रहे श्रमिकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी उत्पादन जारी रखा और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी हासिल किया,श्रमिकों ने मांग की है कि आउटसोर्सिंग पर रोक लगाकर खदान को तुरंत शुरू किया जाए,इस पर प्रबंधन ने बलरामपुर खदान को सीटीओ क्लीयरेंस मिलते ही फिर से संचालन शुरू करने का भरोसा दिया और इसके लिए 6 समरसिबल पंप लगाने का निर्णय लिया,कुम्दा क्षेत्र में बिजलीघर की राखड़ को ओपन कास्ट खदान के गढ्ढों में भरे जाने पर गंभीर आपत्ति जताई गई,श्रमिकों का कहना था कि इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है,जिस पर प्रबंधन ने ट्रकों की आवाजाही केवल निर्धारित मार्ग से कराने का आदेश जारी कर कुम्दा गेट से प्रवेश पर रोक लगाई है,सड़क व बिजली की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रों में जल्द समाधान की मांग की गई,जिस पर प्रबंधन ने सड़क मरम्मत और नई लाइट लगाने का काम एक सप्ताह में शुरू करने का आश्वासन दिया है।कुम्दा के एएमसी और एसटीपी में अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया,जिस पर प्रबंधन ने एएमसी और एसटीपी की जांच दो सप्ताह में पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है,कुम्दा चिकित्सालय में डॉक्टर और दवाओं की कमी की शिकायत और स्थाई चिकित्सक व सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठी, जिस पर प्रबंधन ने कुम्दा कॉलोनी में दवाई वितरण पारदर्शी तरीके से कराने का निर्देश दिया,श्रमिकों ने कॉलोनी की साफ-सफाई व आवास मरम्मत के नाम पर हो रहे करोड़ों रुपये के खर्च में गड़बड़ियों की जांच की मांग की,जिस पर प्रबंधन ने जल्द ही जांच कराकर न्याय उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है,अनुचित आवास आबंटन,भूमिगत खदान से मनमाने स्थानांतरण,रविवार की ड्यूटी में भेदभाव,माइनिंग स्टॉफ की कमी,संवेदनशील पदों पर मनमाने ट्रांसफर जैसे मुद्दों पर भी श्रमिकों ने कड़ा रुख दिखाया है,जिस पर प्रबंधन ने संवेदनशील पदों पर स्थानांतरण की जांच के लिए कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है,डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष बनाने की मांग भी रखी गई,जिस पर प्रबंधन ने डीएवी स्कूल में अतिरिक्त कमरे बनाने का प्रस्ताव कंपनी मुख्यालय को भेजने पर सहमति जताई है,इसी तरह अन्य मुद्दों पर भी चले लंबी चर्चा उपरांत अब एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेन्द्र मिश्रा द्वारा 11 सितंबर को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं 12 सितंबर को प्रस्तावित आत्मदाह कार्यक्रम को अस्थाई तौर पर फिलहाल स्थगित कर दिया है,इस दौरान महाप्रबंधक संचालन गिरीश कुमार राय,क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह,एचआर एसकेपी शिंदे,मुख्य चिकित्सा अधिकारी यूएस बैठा,ईएंडएम एए क्षीरसागर, वित्त प्रबंधक मुकेश वैरवा,एचआर प्रबंधक एचएस तिवारी,पर्यावरण अधिकारी गौतम दास के अलावा कई यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार होते ही तत्काल 1930 पर करें कॉल : कलेक्टर



- मजबूत पासवर्ड का करें प्रयोग, साइबर अपराधी अपने मंसूबों में होंगे नाकाम : एसएसपी

**सूरजपुर।** साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्क और जागरूक रहने की जरूरत है, साइबर फ्राड एक गंभीर समस्या है जो लोगों को बड़े पैमाने पर ठग रही है। ऐसे अपराधों से बचने के लिए रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय में एक दिवसीय सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर अपराध से बचाव के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया। कलेक्टर व एसएसपी ने छात्रों को जानकारी दी। सेमीनार में साइबर सुरक्षा, यातायात और नशे से बचाव को लेकर पोस्टर, भाषण, नारा लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर एस.जयवर्धन ने साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी लालच या जल्दबाज़ी में आकर कोई ऑनलाइन लेन-देन न करें और सतर्कता को अपनी आदत बनाएं। ठगी होते ही तुरंत 1930 पर कॉल करें। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में समय पर की गई शिकायत से ठगी गई रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि साइबर ठग तभी सफल होते हैं जब हमें साइबर सुरक्षा को लेकर ज्ञान नहीं होता है। साइबर फ्राड से बचने सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। साइबर ठग हर रोज नए-नए तरीके अपना कर लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग खुद सतर्क रहें और जागरूक बनें। कार्यक्रम को विद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीएसपी एसएस पैकरा, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय, महाविद्यालय के प्राचार्य एचएन दुबे, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू, प्रो. सीबी मिश्रा, शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## युवाओं ने दिखाया 2047 के छत्तीसगढ़ का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- केआर टेक्निकल कॉलेज में हुई संगोष्ठी

केआर टेक्निकल कॉलेज की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ 50 एवं विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने कहा कि भूमि, जल, खनिज, भाषा और संस्कृति छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान हैं।

जब तक स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी, विकास अधूरा रहेगा। वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण केवल सरकार का नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। शिक्षा, तकनीकी, नवाचार और युवा शक्ति के सहयोग से ही हम आने वाले वर्षों में समृद्ध राज्य का निर्माण कर सकते हैं कि छत्तीसगढ़ में संसाधनों की कोई कमी नहीं है आवश्यकता है केवल जागरूकता और योजनाबद्ध प्रयासों की है। निदेशक डॉ.रीनू जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की औद्योगिक आधारशिला धान, कोयला, लौह अयस्क, भिलाई इस्पात संयंत्र, बालको और कोयला खदानों से बनी है। राज्य के प्रत्येक संभाग में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रबंधन संस्थान तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं की उपस्थिति ने शिक्षा और स्वास्थ्य को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं साथ ही मोबाइल अनुप्रयोगों और डिजिटलीकरण के माध्यम से योजनाओं की सीधी पहुंच आमजन तक हुई है। परंतु चुनौतियां अभी भी विद्यमान है। नियोजन की कमी, पलायन, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और रोजगार सृजन की आवश्यकता प्रमुख है। सड़क, रेल और वायु सेवाओं का विस्तार भी समय की मांग है।

संगोष्ठी में आस्था चक्रधर, नैंसी मनोज यादव, ओनिका राही, स्नेहा, आकाश साहू, पदमा पैकरा, भागवत, निजामुद्दीन, अविनाश बारी, वीरेंद्र केरकेट्टा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## रजा यूनिटी फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 15 सौ लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



समाज सेवी संस्था रजा यूनिटी फाउंडेशन द्वारा 7 सितंबर को निःशुल्क मेगा मेडिकल व परामर्श कैंप का आयोजन इंद्रवाटिका सभा गृह में किया गया। इस कैंप में रायपुर बिलासपुर तथा सरगुजा जिले के चिकित्सकों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। देर शाम तक चले शिविर में सभी समुदाय से लगभग 1500 महिला पुरुषों ने अपना इलाज करवाया।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग तथा कुछ चिकित्सकों के सहयोग से मरीजों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। इस मेडिकल कैंप में अलग-अलग बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध थे। शिविर में पैथोलॉजी जांच तथा दवा वितरण किया गया। कैंप में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.फैजुल फिरदौसी, डॉ. शहगील, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. कंचन मांझी, डॉ हरप्रीत सिंह टुटेजा, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. रजत टोप्पो, डॉ. महेंद्र प्रसाद सामल, डॉ. आकाश गर्ग, डॉ मनीष चौरसिया, डॉ.आफरीन, डॉ. विनय कुमार, डॉ. अमीन, डॉ. शील नेताम, डॉ. हबीब खान, डॉ. सहबूब आलम, डॉ. आबिद अली, डॉ नोशीन रिजा, डॉ. जेबा परवीन, डॉ. रितेश गुप्ता, डॉ. मालती नाग आदि ने हृदय रोग, किडनी रोग, हार्मोन रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, सिकल सेल, स्त्री रोग, न्यूरो एवं नस रोग, नाक कान, गला व शिशु रोग आदि का उपचार कराया। आयुर्वेदिक, यूनानी पैथी, फिजियोथैरेपी, आदि के विशेषज्ञ ने भी काफ़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, कांग्रेस के नेता इरफान सिद्दीकी और दानिश रफीक, अशफाक अली, पार्षद हाजी अख्तर फिरदौसी व पार्षद बाबर इदरीशी ने डॉक्टरों को पुष्पगुच्छ व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रजा यूनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष शादाब आलम रिज़वी ने बताया कि कैंप में बाहर से आने वाले मरीजों के लिए निशुल्क खाने-पीने और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। सर्वाधिक आंखों के मरीज थे जिन्होंने अपनी जांच करवा ली हैं उन्हें जल्द ही चश्मा भेज दिया जायेगा।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक ( सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आई.एल.एस. हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD,DM ( Neurology )
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS,MD Medicine ( Delhi )
DM ( Gastro ) BHU Varanashi
दर्द एवं जोड़ो के विशेषज्ञ
डॉ. बी. मिंज
MBBS,MD,FIPM ( Fellowship in pain Management ) interventional Pain Physician
Trained Advance Pain Management Procedure From
Balaji Action Hospital,Delhi Darada Pain Management Centre,Kolkata
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी,प्रोस्टेट,स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दकी
MS General Surgery
MCH Urology & Renal Transplant
Urology, ANDROLOGY,
Avansed Laparosdopic & Kidney Transplant Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1-5 Tesla
MRI All Diagnostic Facilities
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन , एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB ( Hyderabad )
FEN ( Jabalpur ), CNETS AIIMS ( Delhi )
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार बहादुरे
MD, Internal Medicine
DM ( Nephrologist )
14 सितम्बर 2025 माह के दूसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

## खबर संक्षेप

### शूटिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर राहुल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**सीतापुर।** रायपुर के माना स्थित बटालियन शूटिंग रेंज में आयोजित राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर राहुल सिंह ने ग्राम देवगढ़ का मान बढ़ाया है। 28 अगस्त से 6 सितंबर तक चौथी बटालियन शूटिंग रेंज माना में 24वीं छग राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्पर्धा में 50 मीटर 3 पोजिशन में राहुल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता के आशीर्वाद एवं अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। राहुल की इस सफलता से सरगुजा सीतापुर समेत ग्राम देवगढ़ एवं उनके घरवालों का नाम रोशन हुआ है। विकासखंड सीतापुर के ग्राम देवगढ़ निवासी निशानेबाज राहुल सिंह आ. डिलेश्वर सिंह एक मध्यम परिवार से आते हैं।इससे पहले भी इन्होंने 2023 में शूटिंग के पहले दौर में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर प्रोन विधा में कांस्य पदक हासिल किया था। इसके बाद इन्होंने सभी प्रतियोगिता में निरंतर क्वालीफाई की और दिसंबर 2023 में राष्ट्रीय खिलाड़ी बने।

### सीरतुन्नबी नबी कमेटी की बैठक कार्यक्रम की समीक्षा

**अम्बिकापुर।** सीरतुन्नबी नबी कमेटी एक बैठक कमेटी के संरक्षक रहमत खान की अध्यक्षता में मोमिनपुरा में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी द्वारा ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से भाईचारे व सदभावना को बढ़ावा देने वाले, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं तथा युवाओं को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम की सराहना की। बैठक में कमेटी अध्यक्ष जमाल खान ने कहा कि शहर के तेरह मदरसा मस्जिद को संचालित करने वाली कमेटी के ओहदेदारों ने पूरी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया और अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम को आगाज दिया। बैठक में कमेटी के सचिव फैजान अहमद ने कहा कि कमेटी का प्रत्येक सदस्य और पदाधिकारी ने मेहनत और लगन से कार्यक्रम को सजाया और बेहतरीन इंतजाम किया जो सराहनीय है। कमेटी के कोषाध्यक्ष व पार्षद बाबर इदरीसी ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। बैठक में उपाध्यक्ष नियाजउद्दीन खान, उपाध्यक्ष इरशाद पिंटू खान, महासचिव सनउवर हुसैन, अनवर खान, वसीम राजा, सोनू, दुलारे, गुलाब खान,तौसीफ, सलमान, ईशान, मोईन अंसारी, सद्दाम खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### राजकुमार गुप्ता



**सीतापुर।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 12 निवासी राजकुमार गुप्ता का निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे और लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार केशला मांड नदी के तट पर किया गया।

### हाथी के तोड़फोड़ करने के दौरान बाहर निकली थी महिला

# भाग रही महिला को दंतैल ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बातें**
- प्रतापपुर के ग्राम गौरा की घटना
- ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

क्षेत्र में मानव-हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात ग्रामीणों द्वारा शोर मचाकर हाथियों का रास्ता रोकने के दौरान दो दंतैल दल से अलग होकर ग्राम गौरा पहुंच गए तथा बस्ती के किनारे स्थित सुभाषो टेकाम का घर तोड़ने लगे। हाथियों को देख महिला घर से भागने लगी तो दंतैल ने अपने सुंड से पकड़कर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत बगड़ा-मानपुर जंगल में पिछले चार दिनों से 25-30 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। दल में आधा दर्जन से अधिक छोटे-बड़े शावक होने के कारण दल के नर हाथी काफी आक्रामक हो गए हैं। बीती रात लगभग 1 बजे भरदा जंगल की ओर जा रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर लेकर पहुंचे एवं हाथियों का रास्ता रोकने, शोर मचाने लगे। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय तक शोर मचाने के कारण दल के हाथी बिखर गए। इस दौरान अधिकांश हाथी वापस मानपुर जंगल की ओर लौट गए जबकि दो दंतैल भटककर ग्राम गौरा पहुंचे। इस दौरान एक दंतैल सुभाषो टोप्पो पति स्व.बृजमोहन टोप्पो (45वर्ष) के घर में तोड़फोड़ करने लगा जबकि दूसरा दंतैल वहीं घूम रहा था। इस दौरान घर तोड़ने की आवाज सुनकर बेटे के साथ सो रही सुभाषो की नींद खुली तो वह बाहर निकली तथा दंतैल को सामने खड़े देख अपनी जान बचाने के लिए भागने लगी। वह कुछ दूर ही भाग पाई थी कि पास में मौजूद दंतैल ने दौड़ाकर उसे अपने सुंड में जकड़ लिया तथा महिला को पटककर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने महिला का शव देखा तो वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर सुबह वन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया तथा विभाग पर हाथियों की मौजूदगी की सूचना नहीं देने का आरोप लगाया। वन अधिकारियों की लंबी समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए तो शुक्रवार को सुबह 11 बजे अधिकारियों ने शव को बरामद कर पीएम कराया तथा मृतिका के बच्चे को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की। बताया जा रहा है कि मृतिका के पति बृजमोहन की मौत पहले ही हो चुकी है। पति की मौत के बाद वह अपनी बेटी एवं 15 वर्षीय बेटे के साथ रहती थी। गुरूवार को बेटी अपने नानी के के घर अम्बिकापुर गई थी। बेटा मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ होने के कारण सुभाषों उसे हमेशा अपने साथ रखती थी। बीती रात बेटे को सोया छोड़कर ही वह बाहर निकल गई थी तथा दंतैल की चपेट में आ गई।



सहायता राशि प्रदान करते वन अधिकारी।

**की जा रही निगरानी**

वन अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी कर रहा है। विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सूचना देने के साथ ही गांव के स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मृतिका के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-संस्कृति बारले
उप वनमंडलाधिकारी, प्रतापपुर

#### देर रात तक मौजूद थे सीसीएफ

प्रतापपुर में 25-30 हाथियों के मौजूद होने की सूचना पर गुरूवार को सीसीएफ वी मातेश्वरन प्रतापपुर पहुंचे थे। वे एक निजी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए तथा देर रात तक वन अधिकारियों के साथ जंगल का भ्रमण कर वन अमले द्वारा की जा रही हाथियों की निगरानी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने 20 मीटर दूर दल के एक दंतैल को गुजरते हुए भी देखा। इस दौरान उन्होंने वन अधिकारियों को हाथियों की नियमित निगरानी करने के साथ ही आसपास के गांवें में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। रात्रि 1 बजे सीसीएफ के लौटने के बाद ग्रामीण हाथियों का रास्ता रोकने ट्रैक्टर से शोर मचाने लगे।

#### सेंचुरी से पहुंचा है दल

एक महीने पूर्व हाथियों का दल राजपुर के रास्ते प्रतापपुर जंगल पहुंचा था तथा चार-पांच दिन जंगल भ्रमण करने के उपरांत घुई जंगल के रास्ते तमोर पिंगला अभ्यारण्य स्थित एलिफेंट रिजर्व में पहुंच गया था। एलिफेंट रिजर्व में एक महीने का समय गुजरने के बाद हाथी चार दिन पूर्व ही पहुंचे हैं। वन अधिकारियों के अनुसार हाथियों का दल शांत हैं। दल में आधा दर्जन शावक होने के कारण हाथी लम्बी दूरी तय नहीं कर पातें हाथी गन्ना, मक्का व धान की फसल खाकर अपनी भूख मिटा रहे हैं। हाथी जहां से गुजर रहे हैं पूरे खेत की फसल को रौंद दे रहे हैं। बड़ा दल होने के कारण अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए ग्रामीण हाथियों का रास्ता रोक रहे हैं।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर संचालित हो रही अस्थाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अतिक्रमण होने से चिकित्सा आपातकालीन सुविधाएं हो रही प्रभावित

आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के सामने प्रांगण में अस्थाई दुकाने लगाकर अवैध अतिक्रमण कर दिया गया है जिस कारण से आपातकालीन सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

गौरतलब है कि शासकीय अस्पताल के मुख्य द्वार एनएच-43 किनारे स्थित लगातार बढ़ते अस्थाई दुकानों और ठेलों ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया है, सड़क पर जाम की स्थिति बनने लगी है, कुछ दिनों पूर्व सूरजपुर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पिलखा नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी बिश्रामपुर को पत्र भेजकर इस अतिक्रमण पर रोक लगाने और शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी।उक्त भेजे गये पत्र में साफ चेतावनी दी गई थी कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह स्थिति गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है,लेकिन प्रशासन ने अब तक इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया है, स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र के बाहर की दुकानें और ठेले अब सड़क तक फैल चुके हैं,यहां खरीददारों की भीड़ और वाहनों की आवाजाही से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है,ऐसे में यहां पर हमेशा किसी बड़ी अनहोनी का खतरा भी बना रहता है,ज्ञात हो कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर यह अवैध चहल-पहल जहां कुछ व्यापारियों को आर्थिक लाभ दे रही है, वहीं मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर पूरे क्षेत्र का एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र है, जहां आसपास के दर्जनों गावों से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज कराने यहाँ पहुँचते हैं।ऐसे में अस्पताल के मुख्य मार्ग पर बढ़ता अतिक्रमण न केवल आमजन की जान जोखिम में डाल रहा है,बल्कि अस्पताल की छवि और कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। आमजन मानस और अस्पताल प्रबंधन दोनों ही प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं।

## विद्यार्थी परिषद् की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**लखनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा जिला संयोजक पलाश पाण्डेय की उपस्थिति में सामुदायिक भवन में की गई।

इस दौरान श्री पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के इस ध्येय यात्रा में लखनपुर इकाई की भी भागीदारी सुनिश्चित हो। नई कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार, नगर मंत्री हार्दिक ठाकुर, सह मंत्री प्रिंस यादव, बिक्की दास, रवि यादव, रघुवीर सोनवानी और अनामिका राजवाड़े, कोश प्रमुख वरूण गुप्ता, कार्यालय मंत्री गोलू यादव, एसएफडी प्रमुख रिंकू सोनवानी, सोशल मीडिया प्रमुख प्रियांशु साहू, विद्यालय प्रमुख विवेक यादव, सह प्रमुख आदित्य चौधरी, एसएफएस प्रमुख सागर पैंकरा, खेलो भगत संयोजक सुनील साहू, सह संयोजक श्रेयांश, आरकेएम प्रमुख अभिषेक साहू, महाविद्यालय प्रमुख हर्षित गर्ग, सह प्रमुख बालेश्वर राजवाड़े, एनएसएस प्रमुख उमेश कुमार यादव को बनाया गया है जबकि आशीष चौधरी, बालेश्वर राजवाड़े, सोनू राम, आशीष गुप्ता, अभिषेक यादव, सुनील यादव, बबलू राजवाड़े, पंकज, लवकेश गढ़ेवाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

### अभाविप की नगर कार्यकारिणी घोषित



**राजपुर।** अभाविप बलरामपुर जिला इकाई राजपुर नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर अजीत यादव को नगर मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। आलोक कुशवाहा, पूर्णिमा दास, तुलेश्वर यादव नगर सह मंत्री, अक्षय गुप्ता को कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संयोजक रितिक सिंह उपस्थित रहे। बैठक में नगर के अन्य पदाधिकारी को भी उनके नवीन दायित्वों का वितरण किया गया जिससे नगर संगठन को मजबूती प्रदान होगी। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि विद्यार्थी परिषद के तीन मूल सिद्धांत ज्ञान शील और एकता को आत्मसात करते हुए नगर में छात्र हित समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य किया जाएगा।

## किसान के खाते से निकली रकम चार साल बाद भी नहीं लौटी



**भैयाथान।** किसानों के मेहनत की गाढ़ी कमाई भी अब सहकारी बैंक में सुरक्षित नहीं है। ग्राम बंजा निवासी किसान जय सिंह गोंड (55वर्ष) के खाते से 98 हजार रूपये की संदिग्ध निकासी का मामला चार साल बाद भी अनसुलझा पड़ा है।

पीड़ित के अनुसार 23 मार्च 2019 को 49,000 रूपये तथा 3 अप्रैल को पुनः 49,000 रूपये उसके खाते से बिना जानकारी के निकाल लिए गए। उसने कलेक्टर, एसपी, बैंक प्रबंधन एवं सांसद तक से इसकी शिकायत की। जांच के दौरान नोडल अधिकारी ने भी माना कि निकासी के समय लगाया गया अंगूठा निशान और शिकायतकर्ता के वास्तविक निशान मेल नहीं खाते। इसके बावजूद पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजकर ठंडे बस्ते में डाल दिया है। किसान ने बैंक प्रबंधन और दलालों की मिलीभगत से जांच को प्रभावित करने का आरोप लगाया है तथा वर्षों से राशि की वापसी के लिए दर-दर भटक रहा है। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने अप्रैल 2021 में जांच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रिपोर्ट सौंप जांच दल गठित करने का अनुरोध किया था। प्रतिवेदन में जय सिंह आ.बड़कू राम के आवेदन पत्र पर अग्रणी बैंक सूरजपुर द्वारा आहरण पर्ची में अंगूठे का मिलान नहीं हो रहा है। जांच प्रतिवेदन पर आज तक मामले की जांच नहीं हो पाई।

जय सिंह ने मामले में अपराध पंजीबद्ध नहीं होने पर तत्कालीन सांसद व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को आवेदन दिया था। मामले में मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर ने बताया कि आपके द्वारा मामले को संज्ञान में लाया गया है। प्रकरण को देखने के बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग निःसंतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
- न्यूरो सर्जरी
- आर्थो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- यूरो सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- एण्डोस्कोपी
- नाक, कान, गला
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- स्टेम सेल थेरेपी
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
सभी प्रकार के ऑपरेशन
आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
उपलब्ध सुविधाएँ-
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
- सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
- पैथोलॉजी
- आई.सी.यू.
- वेन्टीलेटर
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
- दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
- अल्ट्रा साउंड
- एक्स-रे, रेडियोलॉजी
- ई.सी.जी., ई.ई. जी.
- एन. सी. बी. ईको
- फॉर्मेसी (मेडिकल)
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

## गणेश उत्सव पर लोकगीत और नृत्य ने मोह लिया दर्शकों का मन

**कुरूवा।** गणेश पूजन के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कुरुवा केनापारा में नवयुवक मंच द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह संत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और लोग उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम का संचालन नवयुवक मंच के सक्रिय सदस्यों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार जिया रानी व रजन पांडेय ने अपनी टीम के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लोकगीत और नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि स्वाति सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार होता है। ग्राम पंचायत कुरुवा केनापारा में आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या न केवल उत्सव का अवसर बनी, बल्कि सामाजिक सौहार्द, लोक संस्कृति और युवाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा देने वाला प्रेरक कार्यक्रम साबित हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्थानीय लोक संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान संत सिंह, विजय सिंह,रितेश जायसवाल, राजेश्वर तिवारी, लखन कुर्रे, अनेश टोप्पो, पारस टोप्पो, अतुल दुबे, तुलेश्वर राजवाड़े, सत्येंद्र राजवाड़े, राजेश दुबे, दीप नारायण, देव नारायण सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।



### गणेश उत्सव जगराता कार्यक्रम के भक्ति गीतों में झूमे श्रद्धालु

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत सलका में गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। नवयुवक गणेश पूजा समिति सलका द्वारा प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम व जगराता का आयोजन कराया जाता है। इस वर्ष माँ बागेश्वरी जागरण मंच संचालक अंजली यादव एवं उनकी टीम द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आसपास पंचायत से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान संत सिंह,श्रीमती स्वाति सिंह, लक्ष्मण राजवाडे, दिनेश सिंह, सुरेंद्र राजवाड़े, नरेन्द्र सोनी, राजू देवांगन, संदेश प्रताप सिंह, मनु देवांगन, पेनसाय, राजाराम, प्रीति देवांगन, मुस्कान देवांगन, रामनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।